कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा / माध्य / निप्र / नवाचार / प्रयास–2020/22 दिनांक : 08.02.21

1. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा ।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक।
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा ।

विषय :– राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों को बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु सार्थक कार्य योजना बनाकर क्रियान्विति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करने बाबत् ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि "प्रयास–2020" अन्तर्गत परीक्षा तैयारी कार्य योजना एवं क्रियान्वयन से गत सत्र 2019–20 में भी बोर्ड परीक्षा परिणाम परिष्कृत हुआ है। इस सत्र 2020–21 में भी बोर्ड परीक्षा तैयारी हेतु 'प्रयास–2021" कार्ययोजना एवं उनके क्रियान्वयन कार्यक्रम अन्तरत रहेगा तथा कोविड–19 के संक्रमण के मद्देनजर वर्तमान सत्र 2020–21 में राज्य के सभी राजकीय एवं गैरसरकारी विद्यालयों का नियमित संचालन वर्तमान तक नहीं हो सका, अतः अधिक चुनौतिपूर्ण रहेगा।

सत्र 2020–21 में अध्ययन हेतु कक्षा – 09 से 12 के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक, स्माईल अध्ययन सामग्री ई–कक्षा डिजीटल सामग्री आदि में उत्पन्न जिज्ञासाओं हेतु अपने अभिभावकों की सहमति से विद्यालय आगमन दिनांक 21.09.2020 से अनुमत किये गये। इसी अनुक्रम में अध्ययन की निरन्तरता प्रभावित कार्य तथा अन्तिम आकलन हेतु प्रासंगिक निर्देश परिपत्र के माध्यम से अग्रांकित प्रावधान किए गए हैं। कक्षा 09 से 12 हेतु सूक्ष्म अंकन योजना एवं कक्षोन्नति हेतु विस्तृत निर्देश जारी किए गए थे जिसकी पालना सुनिश्चित की जानी आवश्यक है। बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 15 मई, 2021 से प्रस्तावित किया जाना प्रस्तावित हैं तथा अन्य परीक्षाएँ विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि में होगी, जिसके संबंध में तत्समय निर्देश जारी किए जाएंगे।

उपर्युक्त जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप बोर्ड परीक्षा 2021 तथा परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु सभी विद्यालयों को विशिष्ट प्रयास किये जाने है। इस हेतु संभाग स्तर पर सम्बन्धित संभागीय संयुक्त निदेशक जिला स्तर पर सम्बन्धित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक स्तर पर सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।

.. **गत वर्षों के परीक्षा परिणामों का विश्लेषण** :– वर्तमान परीक्षा परीक्षा परिणाम में उत्कृष्टता लाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों का आधार गत बोर्ड परीक्षा परिणाम तथा बोर्ड से पूर्व कक्षा अर्थात कक्षा 12 के लिए कक्षा 11 तथा कक्षा 10 के लिए कक्षा 9 का परीक्षा परिणाम का विश्लेषण करना आवश्यक है

(अ) **सत्र 2019–20 का कक्षा 9 एवं 11 का परीक्षा परिणाम** :– गत सत्र कक्षा 9 एवं 11 में अध्ययनरत रहे विद्यार्थी इस सत्र 2020–21 में क्रमशः कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा में प्रवेशित होंगे। अतः विद्यालय स्तर पर कक्षा 9 एवं 11 के परीक्षा परिणाम (सत्र 2019–20 अर्द्धवार्षिक के अंको को आधार बना कर) का विश्लेषण संस्था प्रधान द्वारा विद्यालय स्तर पर किया जाकर श्रेष्ठ परिणाम देने वाले, विषय विशेष में अतिरिक्त आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का चिन्हीकरण किया जाए। इस हेतु पूर्व में इन विद्यार्थियों द्वारा क्रमशः कक्षा 8 एवं 10 में बोर्ड परीक्षा (परीक्षा 2018–19) में विषयवार प्राप्त अंकों को आधार का बिन्दु बनाया जाए। उक्त विश्लेषण से विद्यार्थी के विषय / विषयवस्तु का काठिन्य स्तर के आधार पर विद्यार्थीवार परीक्षा तैयारी की योजना बनाई जावे। बोर्ड के पूर्व कक्षा अर्थात 9वीं एवं 11 वीं में विषय एवं काठिन्य के अनुरूप उसे अतिरिक्त आवश्यक अकादमिक सहायता प्रदान की जावे जिसके लिए अतिरिक्त कक्षा / अतिरिक्त विषय सामग्री, विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार e-कक्षा डिजिटल सामग्री का उपयोग करें,

(ब) **गत बोर्ड परीक्षा परिणाम का विश्लेषण** :– बोर्ड परीक्षा 2019–20 का विश्लेषण विद्यालय स्तर पर किया जाकर तदनुरूप सकारात्मक परिणाम सुधार योजना तैयार की जाए। परीक्षा परिणाम विश्लेषण में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या पर विशेष ध्यान व तथा सुधार का प्रयास करें, जिस विषय में परीक्षा परिणाम गुणात्मक दृष्टि से न्यून है उस निम्नलिखित अतिरिक्त प्रयास किये जाए –

- विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जा रहे **मॉडल टेस्ट पेपर प्रश्न बैंक** तथा अन्य अध्ययन सामग्री का उपयोग किया जाएं

- ❖ पीईईओ परिक्षेत्र के अन्य विषय विशेषज्ञों के कालाश तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार **e-कक्षा डिजिटल सामग्री का उपयोग** किया जाएं।
- ❖ जिले एवं ब्लॉक मे सत्र 2019–20 में न्यून परीक्षा परिणाम तथा न्यून गुणात्मक परीक्षा परिणाम वाले संबंधित विद्यालयों की सूची मेल पर उपलब्ध कराई गई है। जिला एव ब्लॉक कार्यालयों मे **कार्यरत अधिकारियों को इन विद्यालयों के पर्यवेक्षण** के लिए आवंटित किया जाकर सतत् परिणाम उन्नयन हेतु प्रयास किये जाएं।
- ❖ पाठ्यक्रम पूर्णता योजना के अनुसार **पाठ्यक्रम समयानुसार पूर्ण किया जाना** सुनिश्चित किया जाये।

सत्र 2019–20 मे जिलेवार मानदंड से न्यून तथा गुणात्मक दृष्टि से न्यून परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों की सूची

District	Class 12 Bottom	Class 12 Threshold	Class 12 Total	Class 10 Bottom	Class 10 Threshold	Class 10 Total
AJMER	10	142	353	70	218	493
ALWAR	39	264	559	87	270	736
BANSWARA	40	264	360	73	308	439
BARAN	13	122	246	67	154	292
BARMER	13	197	480	91	281	667
BHARATPUR	13	189	397	89	210	515
BHILWARA	8	180	428	47	277	539
BIKANER	3	101	311	53	164	411
BUNDI	12	87	202	56	106	256
CHITTAURGARH	7	149	317	82	189	386
CHURU	7	87	296	54	134	480
DAUSA	10	110	258	66	137	349
DHAULPUR	13	122	179	88	127	270
DUNGARPUR	20	209	298	53	263	371
GANGANAGAR	8	123	365	46	148	463
HANUMANGARH	6	62	273	41	77	343
JAIPUR	18	255	640	104	227	870
JAISALMER	8	62	138	33	79	131
JALOR	3	85	292	24	159	375
JHALAWAR	11	139	279	77	148	313
JHUNJHUNUN	2	138	335	16	119	485
JODHPUR	13	184	480	71	255	553
KARAULI	16	134	235	86	162	303
KOTA	12	107	223	78	129	305
NAGAUR	21	159	508	46	216	713
PALI	7	180	357	97	233	475
PRATAPGARH	15	103	168	53	160	200
RAJSAMAND	4	110	231	49	141	284
S.MADHOPUR	6	122	217	73	137	280
SIKAR	9	121	387	39	111	562
SIROHI	9	98	176	33	122	222
TONK	6	79	253	36	101	317
UDAIPUR	38	366	566	193	471	708
Grand Total	**420**	**4850**	**10807**	**2171**	**6033**	**14256**

II. **निर्धारित मानदण्डों से न्यून परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों हेतु विशिष्ट कार्य योजना** :– वर्ष 2021 की माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा में सम्पूर्ण राज्य में जिले वार राजकीय विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर हेतु किये जाने वाले प्रयास हेतु समस्त विद्यालयों द्वारा बकाया समयावधि ध्यान में रखते हुए, बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन की विशिष्ट कार्य योजना संस्था प्रधान स्वयं के स्तर निर्मित करेंगे। उक्त निर्मित कार्य योजना अनुरूप सतत् क्रियान्विति/प्रगति समीक्षा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा एवं जि.शि.अ.(मुख्यालय)–माध्यमिक कार्यालय के शैक्षिक प्रकोष्ठ द्वारा सहायक

के रूप में बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ होने तक की जानी सुनिश्चित की जाएगी। गत वर्ष 2020 की बोर्ड परीक्षा परिणाम का विश्लेषणात्मक जिलेवार विवरण अंकित सारणी के अनुसार है–

- **संस्था प्रधान व विषयाध्यापक की भूमिका** – परीक्षा परिणाम की गुणात्मकता में पाठ्यक्रम–अध्यापन के उपयोगी एवं सुगम होने तथा सम्बन्धित विषयाध्यापक की रुचि एवं लगन के साथ–साथ संस्था प्रधान के प्रभावी पर्यवेक्षण की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस संबंध में संस्था प्रधान एवं विषयाध्यापक से अपेक्षा की जाती है कि

- बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थी अपने अभिभावकों की सहमति से दिनांक 23.09.20 से विद्यालयों में शैक्षणिक भ्रमण, गृहकार्य तथा प्रायोगिक विषयों के प्रायोगिक कार्यों के अभ्यास हेतु विद्यालय आने के लिए अनुमत किये गये है। इन विद्यार्थियों की अध्ययन जिज्ञासा का समाधान हेतु पर्याप्त व्यवस्था की जावे
- विद्यालय के विद्यार्थियों एवं विषयाध्यापकों को सत्र 2020–21 के लिए संशोधित हुए पाठ्यक्रम एवं नवीन परीक्षा योजना एवं प्रश्नपत्र पैटर्न से अवगत कराया जाए/उपलब्ध कराया जाये।
- विद्यार्थियों को नवीन पाठ्यक्रम अनुरूप गृहकार्य उपलब्ध कराया जावे।
- विद्यालय में e–कक्षा के विडियो अध्ययन सामग्री डाउनलोड कर विद्यालय के कम्प्यूटर में सुरक्षित करने एवं विद्यार्थियों के अनवरत अध्ययन के लिए उपयोग में ली जाए।
- बोर्ड परीक्षा हेतु नमूने के प्रश्न पत्र बोर्ड एवं विभाग की वैबसाइट पर उपलब्ध कराए जाने, उक्त के आधार पर विद्यार्थियों को तैयारी कराई जाए।
- **पाठ्यक्रम की पूर्णता** :– शेष समयावधि के अनुरूप पाठ्यक्रम पूर्णता हेतु योजना कोविड–19 की परिस्थितियों को देखते हुए संक्षिप्त किए गए पाठ्यक्रम को पूर्ण करवाया जाना अत्यावश्यक है। अतः विद्यालय स्तर पर ऑन–लाईन यथा स्माईल–2, e–कक्षा, के माध्यम से ऑनलाइन/ऑफलाइन पाठ्यक्रम की पूर्णता बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ होने से एक माह पूर्व करना सुनिश्चित करेंगे।
- उपलब्ध सीमित शैक्षणिक दिवसों के मद्देनजर बोर्ड कक्षाओं में समस्त विषयों का पाठ्यक्रम संशोधन अनुरूप आवश्यक रूप से ऑनलाइन/आफलाइन पूर्ण करवाया जाना है।
- पाठ्यक्रम अपूर्णता की स्थिति में सम्बन्धित विषयाध्यापकों द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु e–कक्षा मॉडल के माध्यम से अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित करवावें।
- रिक्त पदों के कारण पाठ्यक्रम अपूर्णता की स्थिति में भी e–कक्षा या अन्य संचार साधनों के माध्यम से संस्थाप्रधान उपलब्ध अध्यापकों के सहयोग से पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

परीक्षा परिणाम में गुणात्मक सुधार : परीक्षा परिणाम में संख्यात्मक सुधार की सुनिश्चितता उपरान्त अगला लक्ष्य गुणात्मक सुधार है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रत्येक विषय में अधिकाधिक अंक (More and More Marks) एवं उत्तम श्रेणी की प्राप्ति हेतु प्रोत्साहित करना है। इस संबंध में निम्न प्रयास किये जाने है :–

- सत्र 2019–20 की बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं की छाया प्रतियां बोर्ड एवं विभागीय वैबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिसे संबंधित विद्यार्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराएं, जिससे प्रश्नपत्रों के उत्तर बेहतर ढंग से देने का कौशल विद्यार्थियों में आ सके।
- बोर्ड परीक्षा 2021 के लिये नियत किये गये पेपर पैटर्न के अनुरूप नमूने के प्रश्नपत्र, जो बोर्ड एवं विभागीय वैबसाइट पर उपलब्ध होंगे, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जावे तथा उन्हें हल भी कराया जाए।
- नवीन पेपर पैटर्न के अनुरूप प्रश्न बैंक विद्यार्थियों को हल कराया जाना सुनिश्चित करें।
- विद्यालय परीक्षा परिणाम की गुणवत्ता के लिये विशेष प्रयास किये जाए, जिसमें लक्ष्य उत्तीर्णांक के स्थान पर अधिकतम अंक प्राप्त करना हो।
- विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की गत कक्षा के परिणाम का विषयवार विश्लेषण कर कठिनाई स्तर का चिन्हीकरण करा जाए तथा चिन्हित हार्ड स्पॉट को बोधगम्य बनाने के लिये विद्यार्थियों के साथ अतिरिक्त प्रयास किये जाए।

उक्तानुसार तृतीय श्रेणी में संभावित छात्र द्वितीय श्रेणी, द्वितीय श्रेणी वाला प्रथम श्रेणी, प्रथम श्रेणी वाला विशेष योग्यता, विशेष योग्यता वाला 90% तथा विशिष्ट प्रतिभा सम्पन्न विद्यार्थियों का मैरिट की दिशा में कदम (Steps Towards Merit) उठ सके, इस हेतु संस्था प्रधानों एवं शिक्षकों से यह अपेक्षा है

कि वे प्रभावी पर्यवेक्षण के साथ–साथ स्वयं आगे बढकर प्रेरणादायक नेतृत्व का परिचय देते हुए विद्यार्थियो के प्रति मार्गदर्शक की भूमिका का उचित रीति से निर्वहन करेंगे।

गुणवत्ता परिणाम की दृष्टि से जिलेवार परीक्षा परिणाम का विश्लेषण निम्नानुसार हैं. सबधित विद्यालय की जिले में भागीदारी के सुधार का प्रयास करना संस्था प्रधान एवं विषयाध्यापक की महत्वपूर्ण भूमिका में है–

सत्र 2019 -20 का जिलेवार परीक्षा परिणाम -गुणात्मक विश्लेषण

District	Class 10							Class 12 Arts				Class 12 Science					Class 12 Commerce			
	Passed	First	Greater than 75%	Greater than 90%	Greater than 95%	Passed	First	Greater than 75%	Greater than 90%	Greater than 95%	Passed	First	Greater than 75%	Greater than 90%	Greater than 95%	Passed	First	Greater than 75%	Greater than 90%	Greater than 95%
AJMER	16,549	4,357	878	41	2	12,638	6,385	1,498	42	2	2,233	1,557	388	21	2	605	343	88	4	0
ALWAR	22,745	6,556	1,141	59	3	16,074	7,602	1,580	53	4	2,041	1,350	233	9	0	312	134	20	0	0
BANSWARA	18,889	3,241	315	21	3	12,611	3,874	586	28	1	3,581	2,185	225	9	0	143	35	3	0	0
BARAN	6,684	1,482	277	12	1	6,692	3,263	827	37	1	436	374	144	16	1	39	21	1	0	0
BARMER	27,813	7,555	1,164	52	1	15,516	8,052	2,056	60	3	1,523	1,127	309	8	0	181	79	25	0	0
BHARATPUR	13,725	3,832	801	53	4	11,329	5,470	1,311	54	3	1,128	791	165	16	2	150	84	13	0	0
BHILWARA	19,082	4,636	833	58	4	12,763	6,250	1,506	63	5	1,785	1,288	327	9	1	593	259	79	5	1
BIKANER	15,161	4,057	787	46	3	12,316	6,764	1,891	73	3	1,326	1,081	408	37	4	624	415	118	4	0
BUNDI	7,677	2,042	499	49	3	6,963	3,463	878	34	0	476	392	142	6	1	125	81	19	1	0
CHITTAURGARH	9,538	2,320	462	23	4	7,739	3,612	829	34	1	944	686	146	7	0	330	194	56	3	0
CHURU	15,154	4,862	1,086	67	9	11,021	6,146	1,775	72	3	1,169	882	240	13	1	378	154	19	0	0
DAUSA	12,138	3,085	618	34	3	10,538	5,464	1,325	39	3	1,501	852	189	14	2	163	53	5	0	0
DHAULPUR	7,972	1,966	430	28	8	5,722	2,149	481	13	0	1,044	680	142	14	1	50	15	4	0	0
DUNGARPUR	13,548	2,354	253	4	0	9,594	3,064	473	24	3	4,055	2,207	341	20	3	191	70	8	0	0
GANGANAGAR	12,513	3,898	683	41	4	8,858	4,834	1,272	50	1	662	482	131	3	0	178	102	36	1	0
HANUMANGARH	11,358	3,949	949	61	6	8,661	5,260	1,536	82	8	1,119	893	284	21	3	125	89	28	4	0
JAIPUR	29,093	9,267	2,020	127	10	23,666	11,378	2,856	101	3	3,986	2,969	713	31	2	1,347	695	167	7	0
JAISALMER	4,318	1,237	205	10	1	3,042	1,592	433	8	0	225	187	39	1	0	37	13	4	0	0
JALOR	16,561	4,529	693	27	3	8,715	4,944	1,286	45	1	1,070	829	217	8	0	203	119	27	0	0
JHALAWAR	9,971	2,658	545	33	3	8,941	4,195	1,082	71	6	1,241	866	235	18	3	194	96	37	2	0
JHUNJHUNUN	12,515	4,648	965	53	5	8,954	4,279	968	38	2	1,659	1,219	325	19	2	448	183	30	1	0
JODHPUR	22,156	6,668	1,084	32	2	14,788	7,730	1,938	59	4	1,736	1,300	301	12	0	429	278	69	2	0
KARAULI	6,581	1,545	342	18	1	6,284	2,678	637	28	1	756	448	66	1	0	56	14	-	0	0
KOTA	7,181	1,974	478	26	4	6,346	3,021	712	16	1	1,196	969	347	23	1	253	156	50	2	0
NAGAUR	21,291	7,127	1,378	64	7	13,287	7,243	1,761	46	1	1,742	1,297	279	6	0	365	195	47	1	0
PALI	14,138	3,626	600	27	3	9,429	4,247	865	22	1	1,914	1,153	221	6	0	399	185	46	4	0
PRATAPGARH	7,794	1,153	137	6	1	5,435	2,261	418	18	2	690	393	68	3	0	75	26	6	0	0
RAJSAMAND	10,130	2,335	339	17	2	6,917	3,201	672	21	0	812	622	149	5	0	280	142	24	1	0
S.MADHOPUR	6,213	1,540	286	8	1	6,548	2,936	693	16	0	419	310	78	0	0	73	32	6	0	0
SIKAR	17,148	6,262	1,349	80	9	11,773	6,250	1,512	57	5	2,630	1,989	477	19	0	491	235	46	1	0
SIROHI	6,290	1,421	257	17	1	4,713	2,116	417	7	0	732	542	152	6	0	362	132	30	0	0
TONK	10,534	3,285	626	25	1	9,008	4,893	1,303	54	3	1,371	1,044	252	9	1	109	42	6	0	0
UDAIPUR	20,746	3,734	526	27	2	14,535	5,473	1,081	39	5	1,875	1,019	190	7	1	621	283	59	4	0
Grand Total	452,986	123,211	23,006	1,246	114	331,416	160,089	38,458	1,404	76	49,077	33,983	7,923	397	31	9,929	4,955	1,177	47	1

अधिगम स्तर के अनुरूप कठिनाई निवारण :–

- विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुनिश्चितता हेतु प्रत्येक कक्षा में अपेक्षाकृत कठिन विषयों में विद्यार्थियों का अधिगम स्तर के अनुरूप चिन्हीकरण किया जाना है । इस हेतु उनके गृह कार्य को आधार बनाकर चिन्हीकरण किया जा सकता है।
- ऐसे चिन्हित विद्यार्थियो से सम्पर्क एव समन्वय कर पर्याप्त उपचारात्मक पृष्ठपोषण (Feedback) करने की सार्थक व्यवस्था करवाई जानी सुनिश्चित की जाए, जिससे कि विद्यार्थियों की अवबोधन (Understanding) क्षमता का विकास कर उनके अधिगम स्तर (Learning Level) में सुधार लाया जा सके।
- इसके अतिरिक्त विद्यार्थी द्वारा किसी विशिष्ट विषय में न्यून अधिगम लब्धि दर्शाए जाने पर उसे व्यक्तिगत रूप से सुपरवाइज्ड स्टडी (सम्बन्धित विषयाध्यापक द्वारा विद्यार्थी को अनुमति एवं परिस्थिति के अनुरूप सम्मुख बैठाकर अथवा ऑनलाइन व्यक्तिगत अध्यापन) द्वारा न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त करवाने की सुनिश्चितता की जाए।
- उक्तानुरूप उपचारात्मक पृष्ठ पोषण तथा व्यक्तिगत रूप से सुपरवाइज्ड स्टडी की प्रभावी व्यवस्था से विद्यालय के बोर्ड परीक्षा परिणाम में निश्चय ही आशातीत गुणात्मक सुधार परिलक्षित होगा।

2 मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के दायित्व :

- मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अपने ब्लॉक में न्यून परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों को तत्काल चिन्हित करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षा में उक्त विद्यालयों के परीक्षा परिणाम उन्नयन की सुनिश्चितता हेतु ब्लॉक स्तर पर ठोस कार्य योजना निर्मित कर सम्पूर्ण ब्लॉक के बोर्ड परीक्षा परिणाम के उन्नयन हेतु सार्थक प्रयास करेंगे। ये स्कूल बॉटम स्कूल के रूप में आपको मेल पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- इस क्रम में ऐसे विद्यालय भी चिन्हिकृत कर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसका संख्यात्मक परीक्षा परिणाम तो मानदण्डानुसार है परन्तु परिणाम गुणात्मक दृष्टि से न्यून है। ऐसे थ्रेसहॉल्ड स्कूल को भी नियमित पर्यवेक्षण हेतु सूचीबद्ध किया जाना है।
- ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों द्वारा इन विद्यालयो का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाना तय करे।
- स्कूलों में क्षेत्र के दौरे के दौरान सभी शैक्षणिक सहायता सामग्री (नमूना पत्र, प्रश्न बैंक, ई–कक्षा सामग्री) के साथ–साथ विभिन्न नयी पहलों (गृह परीक्षण (take home tests), शीर्ष प्रदर्शन और निम्न प्रदर्शन करने वाले छात्रों की पहचान और उनके लिए समर्थन) के उपयोग पर भी नजर रखें।
- इस हेतु प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर नवीन निर्धारित पाठयक्रम के अनुरूप ब्लॉक में अनुभवी एवं कुशल शिक्षकों से सहयोग लेकर पूरक शिक्षण सामग्री तैयार करवाएंगे, जिन विद्यालयों में विषयाध्यापक का अभाव है वहां ई–कक्षा के कंटेंट को सम्बन्धित विद्यालय तक पहुंचाते हुए विद्यार्थियों तक उसकी पहुँच सुनिश्चित करवाएंगे।
- न्यून परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों का नियमित पर्यवेक्षण एवं प्रबोधन के साथ–साथ अन्य विद्यालयों के परीक्षा परिणाम में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखेंगे।
- कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों के मध्य विद्यालयों को नियमित पर्यवेक्षण के लिए विभाजित करेंगे तथा पर्यवेक्षण में नियमित **साप्ताहिक आधार** शैक्षिक प्रगति का मूल्यांकन कर उन्हें शैक्षिक सम्बलन भी प्रदान करेंगे।
- पर्यवेक्षण के विश्लेषण एवं तद्नुसार कार्य हेतु मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने एक अधीनस्थ अधिकारी को एक नामित अधिकारी नियुक्त कर दायित्वबद्ध करेंगे।

3 मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के दायित्व :

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अपने जिले में उपर्युक्त सारणी में प्रदर्शित न्यून परीक्षा परिणाम तथा न्यून गुणवत्ता परिणाम वाले विद्यालयों को तत्काल चिन्हित करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षा में उक्त विद्यालयों के परीक्षा परिणाम उन्नयन की सुनिश्चितता हेतु निम्नांकित निर्देशों की पालना करते हुए ठोस कार्य योजना निर्मित कर क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी :–

- न्यून परीक्षा परिणाम वाले समस्त विद्यालयों को ब्लॉकवार चिन्हित कर सर्वप्रथम मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाकर उक्त समस्त विद्यालयों को समान रूप से विभाजित कर परीक्षा परिणाम सुधार हेतु ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत ACBEO तथा उनके अधीनस्थ कार्यरत RP को गोद दिया जाएगा। ये स्कूल बॉटम स्कूल के रूप में आपको मेल पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों द्वारा इन विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित करे।
- निर्देश के अनुसार CBEOs को विशिष्ट स्कूल आवंटित करें, जो अपने ब्लॉक में सुनिश्चित करने के अलावा स्कूल के प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार होंगे।
- स्कूलों में क्षेत्र के दौरे के दौरान सभी शैक्षणिक सहायता सामग्री (नमूना पत्र, प्रश्न बैंक, ई–कक्षा सामग्री) के साथ–साथ विभिन्न नयी पहलों (गृह परीक्षण (take home tests), शीर्ष प्रदर्शन और निम्न प्रदर्शन करने वाले छात्रों की पहचान और उनके लिए समर्थन) के उपयोग पर भी नजर रखें।
- CBEOs के साथ नियमित रूप से समीक्षा करें ताकि वे सुनिश्चित कर सकें कि वे अपने ब्लॉक और स्कूलों में की जा रही पहलों की जॉच करें और सुनिश्चित करें।
- जिन जिलों में ऐसे विद्यालयों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है, वहां DEO(HQ)-SEC तथा SMSA के जिला कार्यालय में पदस्थापित ADEO / ADPC & PO तथा संभाग मुख्यालय के जिले से सम्बन्धित विद्यालयों हेतु RANGE JD.SCHOOL EDUCATION कार्यालय में पदस्थापित ADEO / Dy DEO को भी आवश्यकतानुसार उक्त कार्य योजना में शामिल कर उन्हें परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना के तहत प्रभारी अधिकारी नामित किया जाकर विद्यालय आवंटित किए जा सकते है।
- सम्बन्धित विद्यालय हेतु नामित प्रभारी अधिकारी द्वारा आवंटित विद्यालयों को बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ होने तक विद्यालय परिवीक्षण/अवलोकन/सम्बलन योजना में प्राथमिकता से शामिल किया जाएगा तथा उक्त विद्यालयों के संस्था प्रधान एवं स्टाफ की तत्काल बैठक आयोजित कर परीक्षा परिणाम उन्नयन की वृहद् कार्य योजना तैयार की जाएगी।
- मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अपने ब्लॉक में न्यून परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों को तत्काल चिन्हित करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षा में उक्त विद्यालयों के परीक्षा परिणाम उन्नयन की सुनिश्चितता हेतु ब्लॉक स्तर पर ठोस कार्य योजना निर्मित कर सम्पूर्ण ब्लॉक के बोर्ड परीक्षा परिणाम के उन्नयन हेतु सार्थक प्रयास करेंगे। ये स्कूल बॉटम स्कूल के रूप में आपको मेल पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- इस क्रम में ऐसे विद्यालय भी चिन्हिकृत कर उपलब्ध कराए जा रहें है, जिसका संख्यात्मक परीक्षा परिणाम तो मानदण्डानुसार है परन्तु परिणाम गुणात्मक दृष्टि से न्यून है। ऐसे थ्रेस्होल्ड स्कूल को भी नियमित पर्यवेक्षण हेतु सूचीबद्ध किया जाना है।
- ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों में विद्यालयो को इस हेतु प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर नवीन निर्धारित पाठयक्रम के अनुरूप ब्लॉक में अनुभवी एवं कुशल शिक्षकों से सहयोग लेकर पूरक शिक्षण सामग्री तैयार करवाएंगे, जिन विद्यालयों में विषयाध्यापक का अभाव है वहां ई–कक्षा के कंटेंट को सम्बन्धित विद्यालय तक पहुंचाते हुए विद्यार्थियों तक उसकी पहुँच सुनिश्चित करवाएंगे।
- न्यून परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों का नियमित पर्यवेक्षण एवं प्रबोधन के साथ–साथ अन्य विद्यालयों के परीक्षा परिणाम में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखेंगे।
- कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों के मध्य विद्यालयों को नियमित पर्यवेक्षण के लिए विभाजित करेंगे तथा पर्यवेक्षण में नियमित शैक्षिक प्रगति का मूल्यांकन कर उन्हें शैक्षिक सपोर्ट भी देंगे।
- पर्यवेक्षण के विश्लेषण एवं तदनुसार कार्य हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अपने एक अधीनस्थ अधिकारी को एक नामित अधिकारी नियुक्त कर दायित्वबद्ध करेंगे।
- प्रभारी अधिकारी द्वारा न्यून परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित कारणों का निदान किया जाकर उपलब्ध स्टाफ को आवश्यकतानुसार सम्बलन प्रदान करते हुए इस वर्ष परीक्षा परिणाम की गुणवत्ता सुधार हेतु ठोस कार्यवाही सम्पादित की जाएगी।
- पर्यवेक्षण के विश्लेषण एवं तदनुसार कार्य हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अपने एक अधीनस्थ अधिकारी को एक नामित अधिकारी नियुक्त कर दायित्वबद्ध करेंगे।

- मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत सहायक निदेशक उक्त योजना के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा उनके द्वारा उपर्युक्त समस्त विद्यालयों की परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना बाबत् पत्रावली संधारित की जाएगी, जिसका अवलोकन एवं प्रगति समीक्षा स्वयं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सतत् रूप से **साप्ताहिक आधार** से की जाएगी।

4 **संभागीय संयुक्त निदेशक के दायित्व** :

संभागीय संयुक्त निदेशक उपर्युक्त सूची अनुसार आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा के परिणाम उन्नयन हेतु अपने क्षेत्राधिकार के अधीन समस्त जिलों के उपर्युक्त चिन्हित समस्त विद्यालयों के परीक्षा परिणाम की समीक्षा एवं उन्नयन हेतु सम्बन्धित CBEO & CDEO सह ब्लॉक / जिला एवं नामित अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रभावी प्रबोधन की कार्य योजना निर्मित करेंगे तथा अधीनस्थ जिलों के उचित प्रबोधन एवं प्रबन्धन हेतु शैक्षिक प्रकोष्ठ से सम्बन्धित अधिकारी को नामित करते हुए दायित्वबद्ध करेंगे।

- संभागीय संयुक्त निदेशक कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों द्वारा इन विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाना तय करे।
- सभी अधिकारियों को **"गोद लेने"** के लिए स्कूलों को आवंटित करें – ये अधिकारी तय इन स्कूलों के प्रदर्शन में सुधार के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे
- निर्देश के अनुसार विशिष्ट स्कूलों को सीडीओ को आवंटित करें, जो अपने ब्लॉक में सुनिश्चित करने के अलावा स्कूल के प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार होंगे।
- स्कूलों में क्षेत्र के दौरे के दौरान सभी शैक्षणिक सहायता सामग्री (नमूना पत्र, प्रश्न बैंक, ई–कक्षा सामग्री) के साथ–साथ विभिन्न नयी पहलों (गृह परीक्षण (take home tests), शीर्ष प्रदर्शन और निम्न प्रदर्शन करने वाले छात्रों की पहचान और उनके लिए समर्थन) के उपयोग पर भी नजर रखें।
- CDEOs के साथ नियमित रूप से समीक्षा करें ताकि वे सुनिश्चित कर सकें कि वे अपने ब्लॉक और स्कूलों में की जा रही पहलों की जाँच करें।
- संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा द्वारा संभाग क्षेत्राधिकार के उपर्युक्त चिन्हित विद्यालयों का फील्ड पर्यवेक्षण के दौरान प्राथमिकता से निरीक्षण किया जाएगा तथा परीक्षा परिणाम उन्नयन के सन्दर्भ में जिला कार्यालय द्वारा सम्पादित कार्यवाही एवं प्रयासों की **पाक्षिक आधार** पर समीक्षा की जाएगी।

सम्बन्धित कार्य का प्रबोधन :

सम्बन्धित ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तर के नोडल अधिकारी समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रबोधन हेतु संभाग स्तर के नॉडल अधिकारी निम्नांकित विवरणानुसार कार्य करेंगे।

क्र. सं.	नोडल अधिकारी	किए जाने वाले कार्य	विशेष विवरण
1	ब्लॉक नोडल अधिकारी	प्रत्येक माह के पहले सोमवार को न्यून परीक्षा परिणाम तथा न्यून गुणवत्ता परिणाम देने वाले विद्यालयों के संस्था प्रधानों के साथ ऑनलाइन / ऑफलाइन बैठक कर बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना की समीक्षा करते हुए विद्यालय वार सूचना एकत्र करेंगे। साथ ही अन्य विद्यालयों के संबंध में भी समीक्षा करेंगे की वहाँ परीक्षा परिणाम उन्नयन की तैयारी भी अपेक्षानुकूल हो।	बैठक दिवस को राजकीय अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस को सम्बन्धित बैठक का आयोजन किया जाएगा।
2	जिला नोडल अधिकारी	प्रत्येक माह के दूसरे सोमवार को सम्बन्धित जिले के ब्लॉक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना की समीक्षा करते हुए ब्लॉक वार सूचना एकत्र कर जिले की समेकित सूचना तैयार करेंगे एवं मुख्य जिशिअ कार्यालय मे कार्यरत AD इस सम्बन्ध में समेकित रिपोर्ट तैयार कर मुजिशिअ के माध्यम से सम्बन्धित संयुक्त निदेशक कार्यालय को प्रेषित करेंगे।	
3	संभाग स्तर के नोडल अधिकारी	प्रत्येक माह के तीसरे सोमवार को सम्बन्धित जिलों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना की समीक्षा करते हुए संभाग वार सूचना एकत्र कर संभाग स्तर की समेकित सूचना तैयार करेंगे। तथा निदेशालय स्तर से चाहने पर तुरन्त उक्त सूचना को प्रेषित करने की तैयारी रखी जाएगी।	

समस्त सम्बन्धितों द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्राधिकार में उपर्युक्त निर्देशों की पालना सर्वोच्च प्राथमिकता से करवाई जानी सुनिश्चित की जाए।

निदेशालय स्तर पर जिलों द्वारा बोर्ड रिजल्ट की समीक्षा एवं सुधार हेतु किये गए प्रयासों की समीक्षा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन की जाएगी । जिसमे सम्बन्धित जिला प्रभारी एवं जिला स्तरीय नोडल अधिकारी जो की CDEO कार्यालय में कार्यरत सहायक निदेशक होंगे, भाग लेवे एवं निर्धारित प्रारूप में सूचना देंगे।

संलग्न- निर्धारित प्रारूप

(सौरभ स्वामी)
IAS
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर ।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान शिक्षा परिषद्, जयपुर।
5. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
6. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
8. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर।
9. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
10. निदेशक, शैक्षिक प्रौद्योगिकी विभाग (ई.टी.सैल), राजस्थान, अजमेर।
11. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर ।
12. समस्त संस्था प्रधान,उमावि/मावि/उप्रावि/प्रावि/.....
13. वरिष्ठ संपादक ''शिविरा'', प्रकाशन अनुभाग, कार्यालय हाजा ।
14. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
15. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
16. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रारूप- अ

जिले का नाम

कक्षा X के लिए सत्र (2020-21)

माह

जिले के कुल विद्यालय जहा कक्षा X संचालित है	विद्यालय जिनका परीक्षा परिणाम मानदंड से न्यून है (बॉटम स्कूल)	विद्यालय जिनका परीक्षा परिणाम गुणात्मक दृष्टि से कम रहा है (थ्रेसहोल्ड स्कूल)	विद्यालयों की संख्या जिनके द्वारा परीक्षा परिणाम सुधार योजना बनाई गई	विद्यालयों की संख्या जिनमे संशोधित पाठ्यक्रम व परीक्षा योजना विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से साझा की जा चुकी हैं	विद्यालयों की संख्या जिनमे मॉडल प्रश्न पत्र विद्यार्थियों के साथ साझा किये गए	माह से विद्यालयों में लिए टेक होम टेस्ट			विशिष्ट विवरण
						1	2	2 से अधिक	

प्रारूप- ब

जिले का नाम कक्षा XII संकाय..... के लिए सत्र (2020-21) माह

जिले के कुल विद्यालय जहा कक्षा XII संचालित है	विद्यालय जिनका परीक्षा परिणाम मानदंड से न्यून है (बॉटम स्कूल)	विद्यालय जिनका परीक्षा परिणाम गुणात्मक दृष्टि से कम रहा है (थ्रेसहोल्ड स्कूल)	विद्यालयों की संख्या जिनके द्वारा परीक्षा परिणाम सुधार योजना बनाई गई	विद्यालयों की संख्या जिनमे संशोधित पाठ्यक्रम व परीक्षा योजना विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से साझा की जा चुकी हैं	विद्यालयों की संख्या जिनमे मॉडल प्रश्न पत्र विद्यार्थियों के साथ साझा किये गए	माह से विद्यालयों में लिए टेक होम टेस्ट			विशिष्ट विवरण
						1	2	2 से अधिक	